आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- भाजपा संसदीय दल ने कल माल एवं सेवा कर– जीएसटी सुधारों पर एक प्रस्ताव पारित किया।
- श्री विजयपुरम में आज से सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज से सप्ताहव्यापी योग सत्र की शुरूआत।
- द्वीपसमूह में भारी वर्षा की चेतावनी–निकोबार द्वीपसमूह में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी– भाजपा संसदीय दल ने कल नई दिल्ली में शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान माल एवं सेवा कर– जीएसटी सुधारों पर एक प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया है कि नए सुधारों से व्यवस्था और सरल हो गई है तथा नागरिकों को इसके केंद्र में रखा गया है। इसमें कहा गया है कि खाद्य सामग्रियों और दवाओं के साथ–साथ इलेक्ट्रॉनिक सामानों की कीमतों में उल्लेखनीय कमी की गई है। व्यवस्था को छोटे व्यवसाइयों, निर्यातकों और स्टार्टअप्स के हित में लाया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि ये सुधार नागरिकों के जीवन को आसान बनाने, व्यापारियों को सशक्त बनाने और भारत के आत्मनिर्भरता के मार्ग को सुदृढ़ करने के नरेन्द्र मोदी सरकार के लक्ष्य को दर्शाते हैं। मासिक जीएसटी संग्रह में दो लाख करोड़ रुपये तक की वृद्धि यह संकेत देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। प्रस्ताव में बड़े और छोटे निर्माताओं तथा व्यापारियों से आह्वान किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कटौती और छूट सीधे उपभोक्ता तक पहुँचें। प्रस्ताव में कहा गया है कि कम कीमतों से माँग बढेगी और माँग बढ़ने से व्यवसाय बढेगा जिससे राष्ट्र और मजबूत होगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने 2008 से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को लागू किया है, जिसका उद्देश्य नए स्वरोजगार उद्यमों, परियोजनाओं, सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना है।

इस योजना के तहत विनिर्माण के लिए 50 लाख रुपये तक और सेवा, व्यापार और व्यावसायिक इकाइयों के लिए 25 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान किए जाते हैं। आवेदकों की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए, और 10 लाख रुपये या 5 लाख रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत उद्यमी और वे लाभार्थी जिनके ऋण बैंकों द्वारा पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं, वे ईडीपी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। 5 लाख रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं के लिए प्रशिक्षण की अवधि कम से कम 5 दिन होगी और 5 लाख रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं के लिए, ईडीपी की अवधि कम से कम 10 दिन होगी। 2 लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिए ईडीपी प्रशिक्षण अनिवार्य नहीं होगा। इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की वेबसाइट पर अपने ऑनलाइन ऋण आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, मिडिल प्वाइंट स्थित जिला उद्योग केंद्र या खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

फ़िल्म निर्माता अनुपर्णा रॉय ने 82वें वेनिस फ़िल्म समारोह में अपनी फ़ीचर फ़िल्म 'सॉन्ग्स ऑफ़ फ़ॉरगॉटन ट्रीज़' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का ओरिज़ोंटी पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया है। 'सॉन्ग्स ऑफ़ फ़ॉरगॉटन ट्रीज़' इस वर्ष ओरिज़ोंटी खंड में एकमात्र भारतीय फिल्म थी। इस फ़िल्म में नाज़ शेख और सुमी बघेल मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्माण बिभांशु राय, रोमिल मोदी और रंजन सिंह ने किया है। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी दो महिलाओं की है जिनकी जिंदगियां अचानक आपस में जुड़ जाती है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज से उन्नीस सितम्बर तक सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता पीठ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के उप रजिस्ट्रार ने कहा है कि इस दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएँगे। विभागाध्यक्षों से अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई के दिन संबंधित दस्तावेजों के साथ न्यायाधिकरण में उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में जंगलीघाट स्थित आयुष अस्पताल के योग इकाई और मरीना पार्क में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। पुरुषों में मोटापे के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए यह सत्र सुबह पांच बजे से छः बजे तक चलेगा। इस सत्र में योगाभ्यास, व्यायाम और जीवनशैली संबंधी जानकारी दी जाएगी। सत्र पन्द्रह सितंबर तक चलेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जमीनी स्तर पर आरटीएस संयंत्रों की स्थापना और लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग राजस्व अधिकारियों के साथ द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से योजना के लाभों के जानकारी देना, मौके पर पंजीकरण सुविधा प्रदान करना है। इस सिलसिले में आज श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सभागार, सुभाषग्राम ग्राम पंचायत में सुबह दस बजे और कालीघाट ग्राम पंचायत में शाम तीन बजे शिविर लगेगा। यह शिविर 23 सितम्बर तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने आम जनता से इन शिविरों का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। अगले 24 घंटों के दौरान निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होगी। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है और एस डी एम ए के दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा गया है। हमारे कैम्पबेल बे संवाददाता बलराम सिंह ने बताया कि गलाथिया नदी में भारी बारिश के कारण कैंपबेल बे और इंदिरा प्वाइंट को जोड़ने वाले मार्ग को नुकसान पहुंचा है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 10 और 11 सितंबर को द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

रोटरी क्लब नेक्स्ट जेन पोर्ट ब्लेयर की ओर से हटबे की छह वर्षीय दिव्यांग बच्ची मोनिका मिंज को एक व्हीलचेयर सौंपी गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मंदीप ग्रेवाल, सचिव एम. विग्नेश उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब स्वयं से ऊपर उठकर सेवा के प्रति समर्पित है और समाज के वंचित वर्गों के लिए सम्मान, पहुंच और देखभाल के पहलों को जारी रखेगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमिता को सशक्त बनाने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनायी है। अखबार ने अट्टम पहाड़ क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर पांच हजार वर्ग मीटर जमीन को मुक्त करने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। द्वीप समाचार ने टैगोर कॉलेज के सभागार में राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह आयोजित करने के समाचार को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने विज्ञान केन्द्र में पूर्ण चन्द्र ग्रहण देखने के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने के समाचार को भी सचित्र प्रकाशित किया है। मिडिल स्ट्रेट में फेरी सेवा की कमी के चलते यात्रियों को हो रही परेशानी के समाचार को इ इको ऑफ इंडिया ने अपनी पहली खबर बनाई है, जबकि इंफो इंडिया ने प्रचार समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर द्वारा स्कूलों में शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति की मांग के समाचार को प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**